Under CSR Support by Ipca Foundation
missiongyan
JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

## बहुविकल्पी प्रश्न

**1. किस प्रणाली में शासक लोग मनमानी करने के लिए स्वतंत्र नहीं हैं?**

(अ) लोकतंत्र (ब) अल्पतंत्र
(स) तानाशाही (द) राजतंत्र

**2. संविधान सभा के सदस्यों की संख्या कितनी थी?**

(अ) 389 (ब) 312
(स) 299 (द) 375

**3. भारत में संविधान लिखने का काम किस संस्था ने किया?**

(अ) भारत के राजा-महाराजाओं की सभा ने (ब) ब्रिटिश पार्लियामेंट
(स) संसद (द) संविधान सभा

**4. सन् 1928 में निम्न में से किन के द्वारा भारत का संविधान बनाया गया।**

(अ) सरोजनी नायडू ब) मोतीलाल नेहरू
(स) राजेन्द्र प्रसाद (द) बी. आर. अम्बेडकर

**5. गणराज्य का अर्थ है—**

(अ) शासन का प्रमुख किसी वंश या राज खानदान का होगा (ब) शासन का प्रमुख कोई सैनिक अधिकारी होगा
(स) शासन का प्रमुख तानाशाह होगा (द) शासन का प्रमुख लोगों द्वारा चुना हुआ व्यक्ति होगा

**6. किस देश की सरकार ने रंगभेद की नीति अपना रखी थी?**

(अ) इंग्लैंड (ब) भारत
(स) दक्षिण अफ्रीका (द) अमेरिका

**7. अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) की स्थापना कब हुई?**

(अ) 1902 में (ब) 1913 में
(स) 1911 में (द) 1912 में

**8. दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद से मुक्ति दिलाने वाला नया संविधान कब लागू किया गया?**

(अ) 26 अप्रैल, 1994 में (ब) 26 अप्रैल, 1993 में
(स) 26 अप्रैल, 1995 में (द) 26 अप्रैल, 1996 में

**9. नेल्सन मंडेला द्वारा लिखी गई आत्मकथा का क्या नाम है?**

(अ) रोबेन आइलैण्ड (ब) द् लॉन्ग वॉक टू फ्रीडम
(स) ब्लैक्स (द) रंगभेद

मिशन ज्ञान पढ़ें : जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App

**10. दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद की नीति का शिकार निम्न में से कौन था?**

(अ) भारतीय मूल के लोग
(ब) सभी विकल्प सही हैं
(स) अश्वेत
(द) रंगीन चमड़ी वाले

## रिक्त स्थान :

11. भारतीय संविधान की प्रस्तावना का आरंभ होता है __________ ।

12. भारत का संविधान __________ बन तैयार हुआ।

## सत्य / असत्य

13. भारत में संविधान प्रारूप कमेटी के अध्यक्ष मोतीलाल नेहरू थे।

14. भारत में संविधान सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद थे।

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

15. संविधान सभा द्वारा संविधान को कब स्वीकार (पास) किया गया था? यह कब लागू हुआ?

16. संविधान सभा के किन्हीं चार सदस्यों के नाम लिखिए।

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

17. संविधान की रचना करने के लिए बैठने से पहले ही किन बुनियादी मूल्यों पर सभी नेताओं की सहमति बन चुकी थी?

18. भारत का संविधान 26 जनवरी को ही क्यों लागू किया गया?

## निबंधात्मक प्रश्न

19. भारतीय संविधान की प्रस्तावना पर नोट लिखिए।

20. संविधान सभा में पेश किए गए उद्देश्य प्रस्ताव पर संक्षिप्त नोट लिखें।

## HOTS

**21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए। क्या आप उनसे सहमत हैं? अपने कारण भी बताइए।**

i. संविधान के नियमों की हैसियत किसी भी अन्य कानून के बराबर है।
ii. संविधान बताता है कि शासन व्यवस्था के विविध अंगों का गठन किस तरह होगा।
iii. नागरिकों के अधिकार और सरकार की सत्ता की सीमाओं का उल्लेख भी संविधान में स्पष्ट रूप में है।
iv. संविधान संस्थाओं की चर्चा करता है, उसका मूल्यों से कुछ लेना-देना नहीं है।

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App

1. (अ) लोकतंत्र में शासक लोग मनमानी करने के लिए स्वतंत्र नहीं होते।
2. (स) संविधान सभा के सदस्यों की संख्या 299 थी।
3. (द) भारत में संविधान लिखने का काम संविधान सभा ने किया।
4. (ब) सन् 1928 में मोती लाल नेहरू ने भारत का संविधान बनाया।
5. (द) गणराज्य में शासन का प्रमुख लोगों द्वारा चुना हुआ व्यक्ति होता है।
6. (स) दक्षिण अफ्रीकी सरकार ने रंगभेद की नीति अपना रखी थी।
7. (द) 1912 में।
8. (अ) दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद से मुक्ति दिलाने वाला नया संविधान 26 अप्रैल, 1994 में लागू किया गया।
9. (ब) द् लॉन्ग वॉक टू फ्रीडम
10. (ब) अश्वेत, रंगीन चमड़ी वाले, भारतीय मूल के लोग, सभी दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद की नीति का शिकार थे।
11. **रिक्त स्थान :** हम भारत के लोग
12. **रिक्त स्थान :** 26 नवंबर, 1949 को
13. **सत्य / असत्य :** असत्य
14. **सत्य / असत्य :** सत्य
15. संविधान सभा द्वारा संविधान को 26 नवंबर, 1949 को पास कर दिया गया था। यह 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ।
16. i. डॉ. राजेंद्र प्रसाद  ii. जवाहरलाल नेहरू
    iii. डॉ. बी. आर, अंबेडकर  iv. सरदार पटेल
    v. के. एम. मुंशी
17. इन दोनों ही दस्तावेजों में स्वतंत्र भारत के संविधान में सार्वभौम व्यस्क मताधिकार, स्वतंत्रता और समानता का अधिकार और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की बात कही गई थी। इस प्रकार संविधान की रचना करने से पहले ही कुछ बुनियादी मूल्यों पर सभी नेताओं की सहमति बन चुकी थी।
18. संविधान सभा द्वारा हमारे देश का संविधान 26 नवंबर, 1949 को पारित कर दिया गया था, परंतु यह 26 जनवरी, 1950 से प्रभावी हुआ। क्योंकि दिसंबर 1929 को लाहौर अधिवेशन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (पार्टी) ने पूर्ण स्वराज्य प्राप्त करने का संकल्प लिया था और 26 जनवरी, 1930 को पहली बार तथा उसके उपरांत हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। यही कारण है कि हमारे नेताओं ने भारतीय संविधान लागू करने के लिए 26 जनवरी, 1950 की तिथि निश्चित की, जो भारतीय स्वतंत्रता का प्रतीक है। इस दिन भारत एक संप्रभु गणराज्य बन गया था। और यह दिन इतिहास में राष्ट्रीय पर्व के रूप में दर्ज हो गया।
19. भारतीय संविधान एक प्रस्तावना से आरंभ होता है जिसमें संविधान के मूल आदर्शों तथा सिद्धांतों का उल्लेख किया गया है।

**भारतीय संविधान की प्रस्तावना में निहित मुख्य सिद्धांत —**

i. "हम, भारत के लोग संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित तथा आत्मार्पित करते हैं," अर्थात संविधान का निर्माण भारतीय जनता के द्वारा किया गया हैं।

ii. प्रस्तावना संविधान के उच्च आदर्शों का परिचय देती हैं- जिनका उद्देश्य न्याय, स्वतन्त्रता, समानता, एकता, तथा अखंडता स्थापित करना हैं।

iii. प्रस्तावना भारत संघ की सम्प्रभुता एवं उसके लोकतंत्रामक स्वरूप की आधारशिला हैं।

iv. संविधान के 42 वे संशोधन अधिनियम द्वारा प्रस्तावना में "धर्मनिरपेक्ष" शब्द जोड़ दिया गया हैं, जिसका अर्थ हैं। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राज्य हैं।

v. प्रस्तावना द्वारा भारत को "समाजवादी" राज्य घोषित किया गया।

मिशन ज्ञान
पढ़ें : जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App

**20.** संविधान सभा की पहली बैठक में ही पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा 13 दिसंबर 1946 को पेश किया गया था जिसने संविधान के निर्माण के लिए सटीक और मार्गदर्शक सिद्धांत प्रदान किए बाद में इस प्रस्ताव ने संविधान की "प्रस्तावना" का रूप ले लिया। इस उद्देश्य प्रस्ताव में मुख्य रूप से निम्नलिखित बातें शामिल थीं-

i. भारत एक प्रभुसत्ता संपन्न लोकतांत्रिक गणराज्य होगा।

ii. भारतीय रियासतों के क्षेत्र और भारत के ऐसे अन्य क्षेत्र, जो इस समय ब्रिटिश भारत तथा भारतीय रियासतों के क्षेत्र से बाहर हैं और जो भारत में शामिल होना चाहते हैं, उन सबका एक संघ बनेगा।

iii. भारत संघ और उसके अंतर्गत आने वाले विभिन्न घटकों की शक्ति का स्रोत जनता होगी।

iv. भारत के सभी लोगों को सामाजिक, आर्थिक न्याय, कानून के समक्ष समानता, विचार, विश्वास, धर्म, पूजा, व्यवसाय, की स्वतंत्रताएँ प्राप्त होंगी।

v. अल्पसंख्यक वर्गों, पिछड़ी जातियों, जनजातियों, दलित तथा अन्य पिछड़े वर्गों के हितों की सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

vi. भारतीय गणतंत्र की भौगोलिक अखंडता तथा इसके भू-भाग, समुद्र तथा वायुमंडल क्षेत्र पर इसकी प्रभुसत्ता की रक्षा न्यायोचित तथा सभ्य राष्ट्रों के कानूनों के अनुसार की जाएगी।

vii. यह राज्य विश्व शांति तथा मानव मात्र के कल्याण की उन्नति में अपना संपूर्ण तथा स्वैच्छिक योगदान करेगा। इस प्रस्ताव को संविधान सभा द्वारा सर्वसम्मति से पास कर दिया गया था।

**21.** कथन अलोकतांत्रिक है क्योंकि लड़की को उसकी अपनी शादी के बारे में राय व्यक्त करने के अवसर से वंचित किया जा रहा है। लड़की को ही अपने पति के साथ अपना संपूर्ण जीवन बिताना है इसलिए अपना पति चुनने के लिए उसे पूरी आजादी दी जानी चाहिए।

ii. दूसरा कथन अलोकतांत्रिक है क्योंकि छात्र को प्रश्न पूछकर अपना संशय दूर करने के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। यह अलोकतांत्रिक नहीं होगा यदि कोई छात्र अपने अध्यापक से प्रश्न करे। सबसे अच्छी चीज जो एक अध्यापक कर सकता है वह यह है कि वह छात्रों से कहे कि कक्षा समाप्त होने के उपरांत बच्चे प्रश्नों के उत्तर जान सकते हैं, किन्तु उसे छात्रों के प्रश्नों के उत्तर देने चाहिए।

iii. तीसरा कथन लोकतांत्रिक है क्योंकि यह ऐसे नियम या कानून की मांग करता है जो कर्मचारियों के लिए लाभप्रद हो। कर्मचारी सदैव ही कानूनी मानकों के अनुसार अपने अधिकारी से किसी चीज का अनुरोध या मांग कर सकते हैं। अतः यह कथन लोकतांत्रिक मूल्यों के सापेक्ष है।

100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App